Sixteenth Loksabha

>

Title: Regarding conducting of Board Exam at Kendriya Vidyalaya Ordinance Factory, Bhandara, Maharashtra.

श्री मधुकरराव यशवंतराव कुकडे (भंडारा-गोंदिया) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि आर्डिनेंस फैक्टरी, भंडारा में जो बच्चों का सेन्ट्रल स्कूल था, जो वर्ष 1978 से शुरू हुआ था, वह सरकार द्वारा बंद करने और बच्चों को महर्षि विद्यालय, भंडारा में स्थानांतरित किए जाने के कारण बच्चों को असुविधा हो रही है। आर्डिनेंस फैक्टरी की हालत वैसे ही खराब है। सरकार आर्डिनेंस फैक्टरी बंद करने के मार्ग पर है, ऐसा लोगों का अनुमान है।...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि आर्डिनेंस फैक्टरी, भंडारा में जो केन्द्रीय विद्यालय है, उसे वहीं पर रखा जाए।...(व्यवधान) उस सेंट्रल स्कूल के अंदर अभी तक कोई अनियमितता नहीं हुई है, कोई कंप्लेन्ट नहीं है। यह सरकार ने क्यों बंद किया है? इससे जनता में असंतोष है।...(व्यवधान) जनता का मानना है कि सरकार आर्डिनेंस फैक्टरी बंद करना चाहती है। अगर वह सेंट्रल स्कूल फिर खुल जाए, तो लोगों का सरकार पर विश्वास होगा कि सरकार लोगों की भावनाओं के साथ खेल नहीं करती है और आर्डिनेंस फैक्टरी के कर्मचारियों को सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास कर रही है।...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से इतना आग्रह करता हूं कि आर्डिनेंस फैक्टरी, भंडारा में सेंट्रल स्कूल शुरू रखा जाए।

धन्यवाद।...(व्यवधान)